संख्या-12/2015/1098/2015-57-2015-51(जी)/2013

प्रेषक,

बाबूलाल श्रीवास,
विशेष सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊ दिनांक: 18 नवम्बर, 2015

विषय: उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ एवं मूल निवासियों को शासकीय व्यय पर तिरूपति (आन्ध्रप्रदेश) एवं रामेश्वरम् (तमिलनाडु) की समाजवादी श्रवण यात्रा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन की विज्ञप्ति/प्रकीर्ण सं0- 08/2015/909/2015/57-2015-51(जी)/2013, दिनांक- 10 सितम्बर, 2015 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त विज्ञप्ति में उल्लिखित प्राविधान सं0- 13 के अनुसार उपर्युक्त तिरूपति एवं रामेश्वरम् की समाजवादी यात्रा की तिथि 26 नवम्बर, 2015 से 04 दिसम्बर, 2015 तक की अवधि के लिए निर्धारित थी। परन्तु कतिपय अपरिहार्य कारणों से अब उपर्युक्त यात्रा 26-11-2015 से 04-12-2015 के स्थान पर दिनांक- 11-12-2015 से 19-12-2015 तक निर्धारित की गई है।

अतएव कृपया समस्त चयनित यात्रियों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को यात्रा की संशोधित तिथि अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
बाबूलाल श्रीवास
विशेष सचिव।

संख्या-12/2015/1098/(1)/2015-57-2015-तद्दिनांक-

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महानिदेशक पर्यटन, उ0 प्र0, लखनऊ।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सडक परिवहन निगम, लखनऊ।
3- मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ।

आज्ञा से,
बाबूलाल श्रीवास
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।